अर्थ ब्लैक बॉक्स

ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक और कलाकार विश्व को उसके कार्यों के लिये जवाबदेह ठहराने हेतु पृथ्वी का एक ब्लैक बॉक्स (Earth’s Black Box) बनाने जा रहे हैं।

//

- **ब्लैक बॉक्स के बारे में:**
  - इस बॉक्स का निर्माण दक्षिण तट से दूर एक ऑस्ट्रेलियाई द्वीप राज्य तस्मानिया में किया जाएगा।
  - इसे 3 इंच मोटे स्टील से बनाया जाएगा और सोलर पैनल से कवर किया जाएगा।
  - यह काफी हद तक एक प्लेन फ्लाइट रिकॉर्डर(plane’s flight recorder) की तरह कार्य करेगा, जो दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले एक विमान के अंतिम क्षणों की गतिविधियों को रिकॉर्ड करता है।
  - अर्थ ब्लैक बॉक्स के अंदर स्टोरेज ड्राइव को लगभग 30 से 50 वर्षों तक सक्रिय रहने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
  - ब्लैक बॉक्स एक सिटी-बस के आकार का होगा और इसके अंदर स्टोरेज ड्राइव होंगे जो जलवायु परिवर्तन की तथा वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर तथा औसत तापमान को रिकॉर्ड करेंगे।
- **संगृहीत डेटा के प्रकार:**
  - मोनोलिथ के अंदर दो अलग-अलग प्रकार के डेटा एकत्र और संग्रहीत किये जाएँगे।
    - यह भूमि और समुद्र के तापमान माप, प्रजातियों के विलुप्त होने, ऊर्जा की खपत, मानव आबादी, समुद्र के अम्लीकरण तथा वायुमंडलीय CO_2 स्तरों जैसे जलवायु-परिवर्तन से संबंधित डेटा एकत्र करेगा।
    - यह प्रासंगिक डेटा जैसे- समाचार पत्रों की सुर्खियाँ और ट्रेंडिंग कहानियाँ, प्रमुख समाचार तथा सोशल मीडिया पोस्ट को भी एकत्र करेगा।
- **तस्मानिया के चुनाव का कारण:**
  - तस्मानिया को इसके सापेक्ष भू-राजनीतिक और पर्यावरणीय सुरक्षा के लिये चुना गया था, तथा मोनोलिथ को चक्रवातों, भूकंपों एवं इसकी ढलान वाली दीवारों के साथ, बर्बर हमलों सहित खतरों के खिलाफ लचीला होने के प्रति डिज़ाइन किया जाएगा।
- **महत्त्व**
  - ब्लैक बॉक्स वास्तव में एक बड़ी जलवायु परिवर्तन आपदा को रोकने में मदद करेगा।

- **जलवायु परविर्तन** मानवता के सामने सबसे गंभीर खतरों में से एक है और आर्थकि एवं स्वास्थ्य असमानताओं को बढ़ा रहा है, प्राकृतकि आपदाओं की आवृत्तति और तीव्रता को बढ़ा रहा है तथा दुनिया की खाद्य आपूर्तति पर खतरा उत्पन्न कर रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/earth-s-black-box